60-60 छात्र-छात्राएं ले सकेंगे नामांकन, इसी साल से शुरू होगी पढ़ाई

सीआईएमपी में डिजिटल मार्केटिंग, स्टार्टअप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर होगा सर्टिफिकेट कोर्स

हर उद्योग एआई तकनीक का इस्तेमाल कर रहा

एजुकेशन रिपोर्टर। पटना

चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में डिजिटल मार्केटिंग, स्टार्टअप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होने जा रहा है। 60-60 सीटों पर छात्र-छात्राओं का नामांकन होगा। तीनों कोर्स में हाइब्रिड मोड पढ़ाई होगी। छात्र-छात्राएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से नामांकन ले सकते हैं। इसको लेकर जल्द ही संस्थान की ओर से नोटिफिकेशन जारी होगा। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राणा सिंह ने बताया कि डिजिटल मार्केटिंग में सर्च इंजन मार्केटिंग, गूगल एडवर्ड और फेसबुक मार्केटिंग के साथ मार्केटिंग में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस्तेमाल पर पढ़ाई होगी। इसके साथ ही स्टार्टअप पर भी सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत होने जा रही है। इसी साल से सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत होगी। उन्होंने बताया कि आजकल बिजनेस, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, बैंकिंग, फाइनांस, कृषि और ऑटोनोमस व्हीकल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल हो रहा है। छात्र-छात्राओं को बैंकिंग, फाइनांस और ऑटोनोमस व्हीकल क्षेत्र में एआई के इस्तेमाल पर पढ़ाई करायी जाएगी। उन्होंने बताया कि लगभग हर उद्योग डिजिटल क्रांति को लागू करने के लिए एआई तकनीक यूज कर रहा है। निदेशक ने बताया कि उद्यमियों की सहायता के लिए मौर्यालोक में बीहब बनाया गया है। इसमें 213 उद्यमियों के संवर्द्धन का काम किया जा रहा है। स्टार्टअप की शुरुआत करने वाले युवाओं का मेंटरिंग का काम सीआईएमपी द्वारा किया जाएगा।



Dainik Bhaskar ! Page No - 02 ! Date - 23-02-2023 !

सीआइएमपी में शुरू होंगे तीन कोर्स

पटना. सीआइएमपी में डिजिटल मार्केटिंग, स्टार्टअप और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के नये कोर्स शुरू होंगे. सभी विषयों में 60-60 सीटों पर एडमिशन होगा. इन कोर्स में हाईब्रिड मोड में पढ़ाई होगी. इसको लेकर जल्द ही नोटिफिकेशन जारी किया जायेगा.

Prabhat Khabar ! Page No - 04 ! Date - 23-02-23 !